Rajasthan Patrika

RPSC new exam date for Junior Accountant is October 4

अजमेर।

कनिष्ठ लेखाकार एवं तहसील राजस्व लेखाकार भर्ती परीक्षा अब 4 अक्टूबर 2016 और लिपिक ग्रेड द्वितीय संयुक्त प्रतियोगी परीक्षा 2013 अब 21 अक्टूबर 2016 को होगी। राजस्थान लोक सेवा आयोग ने सोमवार को परीक्षा की तिथि में फेरबदल कर नया कार्यक्रम जारी किया है।

गौरतलब है कि कनिष्ठ लेखाकार एवं राजस्व तहसील लेखाकार भर्ती परीक्षा दो अगस्त को हुई थी जिसे नकल का मामला सामने आने बाद रद्द कर दिया गया था। अब उच्च न्यायालय के आदेश से आयोग ने साढ़े तीन लाख से अधिक अभ्यर्थियों की परीक्षा दुबारा कराने का निर्णय किया है।

आयोग ने लिपिक ग्रेड द्वितीय संयुक्त प्रतियोगी पुन: परीक्षा 2013 का आयोजन 20 नवम्बर 2016 को कराना तय किया था। लेकिन परिवर्तन करते हुए आयोग ने कनिष्ठ लिपिक भर्ती परीक्षा 21 अक्टूबर को सुबह 9 से 12 बजे और दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक कराना तय किया है। आरपीएससी और राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों में 7 हजार 571 कनिष्ठ लिपिक पदों पर भर्ती के लिए 7.05 लाख से अधिक अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा का आयोजन सभी जिला, उपखंड और तहसील मुख्यालयों पर किया जाएगा।